योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सवनूर): (क) योजना आयोग ने 1993-94 में देश में गरीबों की संख्या 32 करोड़ होने का अनुमान लगाया है।

(ख) और (ग) प्रति व्यक्ति खपत में वृद्धि से गरीबी की रेखा से नीचे के लोगों का प्रतिशत 1977-78 में 51.32 प्रतिशत से कम होकर 1993-94 में 35.97 प्रतिशत हो गया है और गरीबों की संख्या 1977-78 में 32.9 करोड़ से कम होकर 1993-94 में 32 करोड़ हो गयी है।

(घ) गरीबों की जीवन दशा और आय सुधारने के लिए अनेक कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत आय बढ़ाने और रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम जवाहर रोजगार योजना, रोजगार आश्वासन स्कीम, प्रधान मंत्री की रोजगार योनजा, नेहरू रोजगार योजना, गंगा कल्याण योजना, गरीबों के लिए शहरी बुनियादी सेवाएं और प्रधान मंत्री का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों से लाभार्थियों की आय में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

देश की विकास संबंधी संभाव्यता

279. **श्री राम जेठमलानी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 23 मई, 1997 को "दि हिन्दुस्तान टाइम्स" में छपी खबर "इंडिया हैज थर्ड बिगेस्ट, ग्रोथ पोटेंशियल इन द वर्ल्ड" की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि अमेरिका और चीन के बाद भारत में सबसे अधिक विकास कर पाने की क्षमता है;

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) सरकार ने इस संभावित विकास की क्षमता को विकसित कर उसे उपभोग में लाने हेतु क्या कदम उठाए है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सवनूर): (क) और (ख) जी, हां। अखबार में छपी खबर विश्व आर्थिक फोरम, जोकि जिनेवा में व्यापार संगठित अनुसंधान संस्था है, के अनुसार भारत विश्व में सबसे आधिक सम्भावित विकास की क्षमता वाल देशों में अमेरिका तथा चीन के बाद तीसरे स्थान पर था।

(ग) और (घ) नौवीं पंचवर्षीय योजना के दृष्टिकोण पत्र में नौवीं पंचवर्षीय योजना (1997—2002) के दौरान प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत के आर्थिक विकास की समग्र दर की परिकल्पना की गई है। निवेश दर को 28.6% तक बढ़ाकर तथा विकासोन्मुख नीतियों का अनुसरण करके उक्त विकास प्राप्त किए जाने की योजना बनायी गई है।

Constitutional status to the Planning Commission

280. SHRI NILOTPAL BASU: Will the PRIME MINISTER be pleased to state: by when Giovernment are going to bring a Bill in order to give Constitutional and statutory status to the Planning Commission?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRIMATI RATNAMALA DEHARESHWAR SAVANOOR): There is no such proposal under consideration, at present.

Satellite Communication Policy

281. SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a news item appearing in the Indian Express dated the 13th June, 1997, captioned "rent on Indian Satellite or buy one if you can";

(b) if so, the details thereof; and

(c) the proposed satellite communication policy of the country in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI S.R. BALASUBARAMONIYAN): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Satellites are used extensively for telephony, data, T.V. and Sound broadcasting and Mobile services.